भारत का प्रधान कौंसुलावास
फ्रैंकफर्ट

प्रेस विज्ञप्ति

***

विषय : **<u>विश्व हिंदी दिवस 2021 का आयोजन</u>**

भारत के प्रधान कौंसलावास, फ्रैंकफर्ट ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया। जर्मनी में वर्तमान में कोविद-19 प्रतिबंधों के कारण यह आयोजन डिजिटल प्रणाली से किया गया। आयोजन के अंतर्गत हिंदी कविता और हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं के साथ - साथ हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी शामिल थी जिसमे कई सारे लोगों ने भाग लिया।

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर प्रधान कौंसल डॉ. अमित तेलंग ने अपने वक्तव्य में जर्मनी में रह रहे सभी हिंदी भाषी लोगों को शुभकामनाएं दी और उनसे हिंदी के प्रचार-प्रसार में मिल रही सहायता के लिए उनका धन्यवाद व्यक्त किया। प्रधान कौंसल ने विश्व हिंदी दिवस, 2021 के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश को भी पढ़ा। इस अवसर पर जर्मनी निवासी कुछ विदेशी व्यक्तियों ने अपने संदेशों से हिंदी के प्रति अपना लगाव व्यक्त किया है।

विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष पर हमारे डिजिटल प्रणाली द्वारा की गयी कुछ गतिविधियों को नीचे दिए गए वीडियो लिंक में संकलित किया गया है।

https://youtu.be/4pgPDcnzQlk

फ्रैंकफर्ट
10 जनवरी 2021